केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली - 110032

सं.सी-27013/01/2014 -हिन्दी/418 दिनांक: 13.10.2017

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 82वीं बैठक के कार्यवृत्त।**

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 82वीं बैठक अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 19.09.2017 को "परिवेश भवन" के सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है। अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्यों को सूचनार्थ, टिप्पणी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे जा रहे हैं।

इस संदर्भ में सभी सदस्यों से अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई करने का कष्ट करें।

13/x/17
(शीतल प्रसाद)
**प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)**

**सेवा में**

***प्रतिलिपि: सूचनार्थ***

1. उप-निदेशक (राजभाषा), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग़, नई दिल्ली-110003
2. उप-निदेशक (कार्या.), केन्द्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली . 110023
3. महामंत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद,एक्स.वाई. 68, सरोजनी नगर, नई दिल्ली- 23
4. अध्यक्ष के निजी सचिव
5. सदस्य सचिव के निजी सचिव
6. प्रभारी, आई.टी.प्रभाग - कृपया इसे केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट में अपलोड करवाने का कष्ट करें।

13/x/17
(शीतल प्रसाद)
**प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)**

# केन्द्रीय बोर्ड की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 19.09.2017 को आयोजित 82वीं बैठक के कार्यवृत्त

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 82वीं बैठक दिनांक 19.09.2017 को पूर्वाह्न 10.00 बजे अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड की अध्यक्षता में परिवेश भवन के द्वितीय तल पर स्थित सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधि, उपनिदेशक (राजभाषा), केन्द्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली और महामंत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, सरोजनी नगर, नई दिल्ली को बैठक में भाग लेने का अनुरोध पत्र भेजा गया था, किंतु उपरोक्त को छोड़कर 19 सदस्य इस बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची अनुबंध के रूप में इस कार्यवृत्त के साथ संलग्न है।

समिति के सदस्य संयोजक के रूप में प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव महोदय का हार्दिक अभिनंदन किया। इसके बाद सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय से बैठक की कार्रवाई शुरू करने की अनुमति मांगी। फलस्वरूप अध्यक्ष महोदय ने बैठक की कार्रवाई शुरू करने की अनुमति प्रदान की। तत्पश्चात बैठक की कार्यसूची के अनुसार मदवार चर्चा शुरू की गई:

**मद सं. 01: पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

सदस्य संयोजक ने समिति को अवगत कराया कि समिति की पिछली बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्यों एवं संबंधितों को उनकी टिप्पणी एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु परिचालित किए गए थे। कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। अत: विगत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली जाए। फलस्वरूप अध्यक्ष महोदय ने सदस्य संयोजक की अनुशंसा पर और सभी सदस्यों की सहमति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी।

**मद सं. 02: पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

सदस्य संयोजक द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि पिछली बैठक में तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई थी, जिसमें हिन्दी में पत्राचार बढ़ाने के लिए सभी प्रभाग प्रभारियों से अनुरोध किया गया था कि वे अपना अधिकांश सरकारी काम-काज हिन्दी में ही करें और व्यक्तिशः आदेशों, पत्रों में विनिर्दिष्ट कार्यों को हिन्दी में करना सुनिश्चित करें। सभी प्रभाग प्रभारियों एवं बोर्ड में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यथासंभव सहयोग दिया।

इसके पश्चात वार्षिक कार्यक्रम के संबंध में हुई चर्चा में अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी अनुभाग को आदेश दिया था कि वे सभी प्रभाग प्रभारियों से वार्षिक कार्यक्रम की प्रति की प्राप्ति न होने पर अनभिज्ञता जताने हेतु एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर स्पष्टीकरण मांगे। अध्यक्ष महोदय के आदेश का अनुपालन करते हुए हिन्दी अनुभाग ने सभी प्रभाग प्रभारियों को कार्यालय ज्ञापन जारी किया था। इसके पश्चात सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि 07 प्रभारियों से ही वार्षिक कार्यक्रम की प्रति की प्राप्ति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ है और जिन प्रभारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है, को अध्यक्ष महोदय ने शीघ्र स्पष्टीकरण देने का निदेश दिया है।

हिन्दी से संबंधित पदों के सृजन पर भर्ती अनुभाग द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में 01 आशुलिपिक हिन्दी अनुभाग को उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही वाह्य स्रोत से 02 हिन्दी अनुवादक उपलब्ध कराने संबंधी मुद्दे पर भर्ती अनुभाग ने बताया कि उन्होंने विभिन्न सरकारी संगठनों से अच्छे अनुवादक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है और आश्वासन दिया कि वे जल्द ही 02 अनुवादक हिन्दी अनुभाग को उपलब्ध करा देंगे।

**मद सं. 3 : 30 जून, 2017 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा**

समिति को गत तिमाही की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया, जिसमें सभी मदों के आंकड़े प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि रिपोर्ट के लगभग सभी मदों के आंकड़े संतोषजनक हैं, किंतु पत्राचार का प्रतिशत अभी भी राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कम है। गत अवधि में केन्द्रीय बोर्ड में राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के तहत 245 आदेश/परिपत्र/दस्तावेज जारी किए गए, जो द्विभाषी रूप में थे। कार्यालय को राजभाषा नियम, 05 के तहत कुल 168 पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 160 पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया और शेष पत्रों का उत्तर अपेक्षित नहीं था। 'क' क्षेत्र से अंग्रेजी में 210 पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 185 का उत्तर हिन्दी में दिया गया। केवल 25 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया। इसके अतिरिक्त 'ख' क्षेत्र से 75 पत्र अंग्रेजी में प्राप्त हुए। इनमें से 67 पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया जबकि शेष बचे पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया। उक्त अवधि में मुख्यालय से कुल 10,622 पत्र भेजे गए, जिनमें से 7578 पत्र हिन्दी में तथा 3044 पत्र अंग्रेजी में थे। गत तिमाही में 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का प्रतिशत क्रमश: 74%, 67% और 67.7% है। हमारा कार्यालय राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य से बहुत पीछे है। इसमें अभी और सुधार की आवश्यकता है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सदस्य संयोजक ने सभी प्रभाग प्रभारियों से अनुरोध किया कि वे अपने प्रभाग में दैनिक आधार पर होने वाले पत्राचार का एक-एक प्रारूप हिन्दी अनुभाग को भेजें। इसके साथ ही, सदस्य संयोजक ने सुझाव दिया कि पत्राचार की

स्थिति को सुधारने की दिशा में कवर नोट को हिन्दी में तैयार करना भी एक सकारात्मक पहल हो सकती है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे हिन्दी अनुभाग को विभिन्न पत्रों का प्रारूप उपलब्ध कराएं और आगामी बैठक में उन्हें इस संबंध में अवगत भी कराएं।

**मद सं. 4 : वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखों का संकलन प्रकाशित करने के संबंध में।**

सदस्य संयोजक द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि हिन्दी दिवस, 2017 के अवसर पर आयोजित वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 14 लेख प्राप्त हुए थे, जिन्हें हिन्दी एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकित किया गया था। सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय के समक्ष प्राप्त लेखों को मुद्रित एवं प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने स्वीकृति दी।

**मद सं. 5 : हिन्दी दिवस का सफल आयोजन।**

सदस्य संयोजक ने समिति को अवगत कराया कि केन्द्रीय बोर्ड में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी से जोड़ने का प्रयास किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया एवं इन प्रतियोगिताओं विशेषकर संभाषण एवं टंकण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डा. शिव कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, डा. सीमा उपाध्याय, अध्यक्षा, संकल्प फाऊंडेशन एवं श्रीमती आशा, सहायक निदेशक को आमंत्रित किया गया था।

**मद सं. 6 : बैठकों की कार्यसूची/कार्यवृतत्त हिन्दी में तैयार करने के संबंध में।**

सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि प्रतिदिन केन्द्रीय बोर्ड में विभिन्न बैठकें आयोजित होती रहती हैं, जिनके कार्यवृत्त एवं कार्यसूची केवल अंग्रेजी में जारी होते हैं। इस पर सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय के समक्ष प्रस्ताव रखा कि सभी प्रभाग प्रभारी अपनी विभिन्न बैठकों की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त हिन्दी में भी तैयार करवाएं। इस पर अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रभाग प्रभारियों को निदेश दिया कि वे अपनी बैठकों के कार्यवृत्त हिन्दी में तैयार करवाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर हिन्दी अनुभाग की सहायता लें। सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि डा. डी. साहा अपना अधिकांश कार्यालयी कार्य हिन्दी में ही करते हैं। इस पर अध्यक्ष महोदय ने उन्हें निर्देश दिया कि वे अन्य प्रभाग प्रभारियों का भी मार्ग-दर्शन करें, ताकि वे भी अपना अधिकांश कार्य हिन्दी में करके पत्राचार की स्थिति को सुधारने में अपना योगदान दे सके।

**मद सं. 7 : सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पद के संबंध में।**

सदस्य संयोजक ने अध्यक्ष महोदय को सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पद के संबंध में अवगत कराया। इसके साथ ही भर्ती अनुभाग से इस संबंध में की जा रही कार्रवाई से अध्यक्ष महोदय को अवगत कराने का अनुरोध किया। इस पर भर्ती अनुभाग ने अवगत कराया कि उक्त पद के प्रकाशनार्थ विज्ञापन को जन संपर्क विभाग को भेजा गया है। तत्पश्चात जन संपर्क विभाग के प्रभारी महोदय ने निधि का अभाव व्यक्त किया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने वित्त एवं लेखा अनुभाग के प्रतिनिधि को जनसंपर्क विभाग को शीघ्र निधि उपलब्ध करवाने हेतु निदेश दिया।

**अंत में अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया।**

*******************